तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, मंगलवार 30 जून 2026

10 एजुकेशन हब-कन्या आवासीय विद्यालय की...

10 बिना संकेत खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से बाइक टकराई एवं चालक...





## खबर संक्षेप



### दो शराब कोचिया पुलिस की गिरफ्त में

**कांकेर।** कोरर पुलिस ने 28 जून को छापामार कार्यवाही करते हुए दो लोगो के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार तेतापारा चिल्हाटी निवासी तुलाराम तेता पिता दयाराम तेता अपने कब्जे में 40 पौवा अंग्रेजी शराब कीमत 14 हजार 750 रूपएं को बेचने लिए अवैध रूप से रखा हुआ था व नगद 120 रूपएं को जप्त किया गया। दूसरी कार्यवाही में आरोपी बाबुदबेना निवासी 35 वर्षीय लोकेश नेताम पिता जोगी राम नेताम के कब्जे से 8 लीटर देशी महुआ शराब को जप्त किया गया। दोनो आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान, मर्ग कायम



**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत उकारी निवासी 30 वर्षीय कन्हैया लाल सिंहा पिता स्व. बिदे सिंह सिन्हा 28 जून को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतक ने घर के परछी में सफेद रंग के गमछा का फंदा बनाकर फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

# दिव्य स्नान के बाद अस्वस्थ हुए भगवान जगन्नाथ, एकांतवास में रहेंगे 15 दिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

आस्था, परंपरा और भक्ति का अद्भुत संगम सोमवार को कांकेर शहर के राजापारा स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर में देखने को मिला। ज्येष्ठ पूर्णिमा के पावन अवसर पर भगवान जगन्नाथ, बड़े भैया बलदाऊ और बहन सुभद्रा का वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ दिव्य स्नान कराया गया। धार्मिक मान्यता के अनुसार अधिक स्नान करने के कारण भगवान अस्वस्थ हो जाते हैं। इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए तीनों विग्रहों को पूजा-अर्चना के बाद मंदिर के गर्भगृह में विश्राम के लिए विराजमान कर दिया गया। अब आगामी 15 दिनों तक मंदिर के पट श्रद्धालुओं के लिए बंद रहेंगे और भगवान के दर्शन नहीं हो सकेंगे। जगन्नाथ मंदिर के पुजारी हरीश पाण्डेय ने बताया कि स्नान पूर्णिमा के बाद भगवान को विश्राम कराया जाता है तथा उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए प्रतिदिन विशेष आयुर्वेदिक काढ़े का भोग अर्पित किया जाएगा। इस अवधि को अनसर काल कहा जाता है, जिसमें भगवान सार्वजनिक दर्शन नहीं देते। उड़ीसा के पुरी स्थित जगन्नाथ मंदिर की प्राचीन परंपरा के अनुरूप कांकेर में भी यह धार्मिक परंपरा वर्षों से श्रद्धा और उत्साह के साथ निभाई जा रही है। उन्होंने बताया कि 15 दिनों तक भगवान एकांत में रहेंगे। इसके बाद 15 जुलाई को भगवान के नेत्र खोलने की पारंपरिक रस्म अदा की जाएगी। इस विशेष अनुष्ठान के उपरांत भगवान पूर्णतः स्वस्थ माने जाएंगे और पुनः भक्तों को दर्शन देंगे। इसी क्रम में 16 जुलाई को भगवान जगन्नाथ, बड़े भैया बलदाऊ और बहन सुभद्रा भव्य रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण के लिए निकलेंगे। रथयात्रा के दौरान श्रद्धालु भगवान के रथ को खींचकर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे। पूरे शहर में भक्ति, उत्साह और उल्लास का वातावरण रहेगा तथा जगह-जगह भगवान का स्वागत एवं पूजन किया जाएगा।

**15 को होगी नेत्र खोलने की रस्म, 16 जुलाई को निकलेगी रथयात्रा**



### दिव्य स्नान के दौरान यह रहे उपस्थित

*इस अवसर पर मंदिर समिति अध्यक्ष श्रवण कुमार, समिति सदस्य जितेंद्र तिवारी, अरविंद कुमार चौहान, धर्मेंद्र देव, शिवाकांत श्रीवास्तव, जगदीश राम कांगे, भारतभूषण चौहान सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। मंदिर परिसर भगवान जगन्नाथ के जयघोष, भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठानों से भक्तिमय बना रहा।*

## बस्तर के जंगल देंगे अब रोजगार, पर्यटन और समृद्धि को नई पहचान

*पीसीसीएफ अरुण पाण्डेय से हरिभूमि की विशेष बातचीत*

# नक्सल फ्री बस्तर में इको टूरिज्म से खुलेंगे रोजगार के नए-नए अवसर

*बस्तर संभाग, जो कभी अपनी प्राकृतिक खूबसूरती से ज्यादा नक्सली साए के लिए जाना जाता था, अब बदलाव की एक नई इबारत लिख रहा है। बस्तर संभाग में आज भी 60 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा घने जंगलों से घिरा हुआ है, और राहत की बात यह है कि अब यह पूरा जंगल नक्सल मुक्त हो चुका है। सुरक्षा और शांति के इस नए दौर में अब यहाँ वानिकी कार्य, रोजगार और इको टूरिज्म (पारिस्थितिक पर्यटन) की असीम संभावनाएं अंगड़ाई ले रही हैं।*



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

छत्तीसगढ़ वन विभाग के मुखिया का पदभार संभालने के बाद पहली बार बस्तर संभाग के जमीनी दौरे पर निकले पीसीसीएफ अरुण पाण्डेय ने कांकेर, कोंडागांव, बीजापुर और भोपालपट्टनम तक का सघन दौरा किया। 29 जून को अपनी यात्रा पूरी कर लौटते समय उन्होंने हरिभूमि कांकेर के ब्यूरो चीफ विजय कुमार पाण्डेय से विशेष बातचीत की। इस दौरान सीसीएफ विवेकानंद झा और डीएफओ रौनक गोयल भी उपस्थित रहे। पेश हैं बस्तर के जंगलों के कायाकल्प, आदिवासियों के रोजगार और वन विभाग की नई रणनीतियों पर पीसीसीएफ से हुई चर्चा के मुख्य अंश :

**सवाल :** *बस्तर में कई बड़ी खनन कंपनियां काम कर रही हैं। पर्यावरण संतुलन के लिए उनके सहयोग को लेकर क्या योजना है?*

**पीसीसीएफ :** *बस्तर संभाग में कार्यरत खनन कंपनियों के सीएसआर फंड और उनकी गतिविधियों को अब सीधे जंगल के विकास और संरक्षण से जोड़ा जा रहा है। इसके तहत एक बेहतर 'इनवायरमेंटल मैनेजमेंट रणनीति' तैयार कर ली गई है। खनन प्रभावित क्षेत्रों में हरियाली बढ़ाने और जंगलों को बेहतर बनाने के लिए सीएसआर के फंड का प्रभावी इस्तेमाल सुनिश्चित किया जाएगा।*

### खनन कंपनियों के सीएसआर से बस्तर संभाग में बढ़ेगी हरियाली

**सवाल :** *पीसीसीएफ बनने के बाद आपका यह पहला बस्तर दौरा रहा। जमीनी स्तर पर आपने क्या महसूस किया और वन विभाग की आगे क्या योजना है?*

**पीसीसीएफ :** *बस्तर का जंगल हमारी सबसे बड़ी धरोहर है। आज स्थिति यह है कि बस्तर का 60 फीसदी से अधिक जंगल अब पूरी तरह से नक्सलमुक्त हो चुका है। शांति बहाली के बाद अब यहाँ वानिकी कार्यों, स्थानीय रोजगार और इको टूरिज्म की संभावनाएं बहुत ज्यादा बढ़ गई हैं। बस्तर संभाग के वन अधिकारी लगातार नए प्रोजेक्ट्स तैयार कर रहे हैं। हमारी कार्ययोजना लगभग बनकर तैयार है और जल्द ही इसे अमलीजामा पहनाना शुरू कर दिया जाएगा।*

**सवाल :** *बस्तर में इको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए किन खास जगहों को चिन्हित किया गया है और इससे क्या बदलाव आएगा?*

**पीसीसीएफ :** *इको टूरिज्म के जरिए बस्तर में बड़े स्तर पर आय और रोजगार के साधन खड़े किए जा सकते हैं। इस दिशा में हम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। विशेष रूप से भोपालपट्टनम में इंद्रावती नदी के तट पर स्थित 'मट्टीकरका' और नारायणपुर की खूबसूरत 'पुष्पाल वैली' और अन्य स्थानों को जब इको टूरिज्म के लिए पूरी तरह खोल दिया जाएगा, तो यहाँ देश-दुनिया के पर्यटकों का जमावड़ा देखने को मिलेगा। इससे स्थानीय स्तर पर होटल, होम-स्टे, गाइड और परिवहन जैसे क्षेत्रों में बूम आएगा।*

### वनधन केंद्र होंगे आत्मनिर्भर, समितियों को करेंगे मजबूत

**सवाल :** *वनवासियों और आदिवासियों की आय बढ़ाने के लिए 'वनधन केंद्रों' को लेकर क्या नई रणनीति है?*

**पीसीसीएफ :** *वनधन केंद्रों को आत्मनिर्भर और पूरी तरह सफल बनाने की हमारी पुख्ता योजना है। हमारा मुख्य फोकस इन केंद्रों से जुड़े महिला स्व-सहायता समूहों की वास्तविक आय और उनकी व्यावसायिक क्षमता (को बढ़ाना है। इसके लिए यदि वन विभाग के नियमों में कुछ जरूरी संशोधन भी करने पड़े, तो हम पीछे नहीं हटेंगे। नियमों को सरल बनाकर स्थानीय व्यापार को मजबूत किया जाएगा।*

**सवाल :** *बस्तर के अंदरूनी गांवों में वन समितियों की भूमिका को कैसे मजबूत किया जा रहा है?*

**पीसीसीएफ :** *अब पारंपरिक ढर्रे को बदलकर वन समितियों को सीधे रोजगार मूलक कार्यों से जोड़ा जाएगा। इसके लिए हमने एक नई पहल शुरू की है, अब वन विभाग का मैदानी अमला (नीचे का स्टाफ) दफ्तरों से निकलकर सीधे गांव-गांव में बैठेगा। वे ग्रामीणों से सीधा संवाद करेंगे। ग्रामीणों से मिलने वाले जमीनी इनपुट के आधार पर नई सोच के साथ नए सृजन पर चिंतन किया जाएगा। नियमित संवाद होने का सबसे बड़ा फायदा यह है कि विभाग और ग्रामीणों के बीच किसी भी तरह के भ्रम की स्थिति पैदा नहीं होगी।*

### बेकाबू कार की ठोकर से बाइक सवार मेडिकल छात्र की मौत एवं एक गंभीर



कार चालक पर दर्ज हुआ मामला

**कांकेर।** राष्ट्रीय राजमार्ग-30 स्थित नंदनमारा चौक के पास हुए एक सड़क हादसे में एमबीबीएस के छात्र की मौत हो गई थी, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की मां ने कार चालक के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की मांग की थी, उसी के तहत आरोपी कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

मृतक के परिजन ने थाना कांकेर में शिकायत दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि रायपुर जिले के अभनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम परसदा निवासी 20 वर्षीय नोहर साहू स्व. इंदिरा गांधी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नंदनमारा कांकेर में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहा था। 16 मई की सुबह वह अपने मित्र जिला जांजगीरचांपा के मुलमुला निवासी 21 वर्षीय प्रिंस कुमार के साथ मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 04 एलजेड 9120 से गोविंदपुर से मेडिकल कॉलेज जा रहा था। सुबह करीब 9 बजे नंदनमारा चौक के पास चारामा की ओर से आ रही डिजायर कार क्रमांक सीजी 19 बीएम 2940 के चालक ▶▶| शेष पेज 10 पर

### सड़क हादसे में युवक की मौत, वाहन चालक पर लापरवाही का अपराध दर्ज



**कांकेर।** थाना भानुप्रतापपुर क्षेत्र में हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत के मामले में पुलिस ने जांच पूरी कर वाहन चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का अपराध दर्ज किया है। विवाह समारोह से लौट रहे दो युवकों की बाइक को तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी थी, जिसमें एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हुआ। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कोलर निवासी 22 वर्षीय चंद्रपाल बघेल अपने भाई टेश्वर चुरपाल के साथ 23 अप्रैल को आसुलखार में आयोजित विवाह समारोह में शामिल होकर मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। शाम लगभग 7 बजे जैसे ही दोनों ग्राम पेवारी एस मोड़ के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रहे वाहन क्रमांक सीजी 04 पीएच 0950 के चालक ने तेज एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल नारायणपुर रेफर किया गया, वहां उपचार के दौरान 24 अप्रैल 2026 को चंद्रपाल बघेल ने दम तोड़ दिया, जबकि उनके भाई टेश्वर चुरपाल के दाहिने हाथ और पैर में गंभीर फ्रैक्चर हुआ है, जिनका इलाज जारी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में चंद्रपाल बघेल की मृत्यु का कारण अत्यधिक आंतरिक रक्तस्राव बताया ▶▶| शेष पेज 10 पर

## विधवा महिला के घर में तोड़फोड़ व धमकी देने का आरोप, गांव में तनाव

- *कथित विवाद की ग्रामीणों में चर्चाएं तेज, प्रशासन ने शांति बनाए रखने की अपील की*
- *अंतागढ़ के ग्राम केसालपारा में धर्म पालन को लेकर विवाद*
- *पुलिस ने नहीं दिया आधिकारिक बयान, मामले की निष्पक्ष जांच जारी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

विकासखंड अंतागढ़ के ग्राम केसालपारा में धर्म पालन को लेकर विवाद ने तूल पकड़ लिया है। गांव की एक विधवा महिला ने कुछ ग्रामीणों पर उसके घर में तोड़फोड़ करने, परिवार को धमकाने और धार्मिक आस्था के कारण प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है, जबकि पुलिस और प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल किसी भी पक्ष के आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

पीड़ित महिला के अनुसार वह अपने चार बच्चों के साथ गांव में रहती है और लंबे समय से धार्मिक स्वतंत्रता के साथ अपना जीवन व्यतीत कर रही है। उसका कहना है कि हाल के दिनों में धर्म परिवर्तन और धार्मिक गतिविधियों को लेकर गांव में विरोध का माहौल बना ▶▶| शेष पेज 10 पर



### महिला ने कार्रवाई की माँग की

*पीड़ित महिला ने पुलिस और प्रशासन से सुरक्षा उपलब्ध कराने, निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषियों के विरुद्ध कानून के अनुसार कार्रवाई करने की मांग की है। उसने कहा कि प्रत्येक नागरिक को संविधान द्वारा अपनी इच्छा के अनुसार धर्म का पालन करने का अधिकार प्राप्त है और किसी भी प्रकार की धमकी या हिंसा स्वीकार्य नहीं होनी चाहिए।*

### आरोप-प्रत्यरोप का चल रहा दौर

*फिलहाल यह मामला आरोप-प्रत्यारोप के स्तर पर है। घटना की वास्तविक परिस्थितियां और तथ्यों की पुष्टि पुलिस जांच तथा प्रशासनिक पड़ताल पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। ऐसे में किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले जांच रिपोर्ट का इंतजार किया जाना आवश्यक है। प्रशासन ने भी लोगों से शांति बनाए रखने और किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है।*

*लेथ मशीन समेत भारी मात्रा में हथियार निर्माण सामग्री बरामद*

*कांकेर सीमा से सटे जंगल में स्थापित था कारखाना*

## माओवादियों की हथियार फैक्ट्री को गढ़चिरौली पुलिस ने किया ध्वस्त

*महाराष्ट्र पुलिस ने महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा पर माओवादियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए गढ़चिरौली जिले के बालबेड़ा जंगल क्षेत्र में संचालित किए जा रहे एक कथित हथियार निर्माण कारखाने का भंडाफोड़ किया है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर/पखांजूर

यह क्षेत्र कांकेर जिले के बांदे से लगभग 20 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। पुलिस ने यहां से हथियार निर्माण में उपयोग होने वाली भारी लेथ मशीन सहित बड़ी मात्रा में घातक सामग्री बरामद की, जिसे सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए घटनास्थल पर ही नष्ट कर दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गढ़चिरौली पुलिस को गोपनीय सूत्रों से सूचना मिली थी कि माओवादियों ने बालबेड़ा के घने जंगल में हथियार बनाने का कारखाना स्थापित कर रखा है तथा वहां बड़ी मात्रा में हथियार निर्माण सामग्री और विस्फोटक उपकरण छिपाकर रखे गए हैं। सूचना की पुष्टि होने के बाद 26 जून को ▶▶| शेष पेज 10 पर

**महाराष्ट्र पुलिस ने बालबेड़ा जंगल में हथियार निर्माण फैक्ट्री का किया भंडाफोड**





### बरामद की गई मुख्य सामग्री

*तलाशी के दौरान जवानों ने हथियार निर्माण में उपयोग की जा रही लगभग गढ़चिरौली की विशेष टीम को 5 से 6 टन वजनी 01 लेथ मशीन, 150 नग क्लेमोर और बीजीएल पाइप, 220 नग 12 बोर पाइप, 20 नग राइफल रॉड मेटल पट्टी को बरामद किया गया। सुरक्षा कारणों को ध्यान में रखते हुए बम निरोधक दस्ता और विशेषज्ञों की निगरानी में बरामद सभी खतरनाक सामग्रियों को घटनास्थल पर ही सुरक्षित तरीके से नष्ट कर दिया गया, ताकि इनका दोबारा उपयोग न किया जा सके।*



## खबर संक्षेप

### मछली कारोबारी पर चाकू से किया ताबड़तोड़ हमला, मौत

**नगरी।** नगरी-गरियाबंद मार्ग पर एक सनसनीखेज और दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। मछली व्यवसाय से जुड़े एक व्यक्ति पर अज्ञात हमलावरों ने जानलेवा हमला कर दिया। घटना के बाद क्षेत्र में भारी दहशत है। मिली जानकारी के अनुसार विपलभ मंडल लगभग 55 वर्ष पिता मनोरंजन मंडल मूल निवासी कोलकाता पिछले लगभग 7-8 वर्षों से ग्राम बोईरगांव दर्रीपारा जिला गरियाबंद थाना मैनपुर में रह रहे थे। वे चुम्मन यादव पिता कार्तिक यादव के साथ नगरी में मछली व्यवसाय करते थे। इनका सिहावा रोड पर एमएम फिश नाम से दुकान संचालित होने की जानकारी सामने आई है। दोनों का रोजाना इसी मार्ग से आना-जाना होता था। बताया जा रहा है कि शुक्रवार को दुकान बंद कर दोनों नगरी से वापस बोईरगांव लौट रहे थे। इसी दौरान गोरेगांव से लगभग 3 किलोमीटर आगे गरियाबंद रोड पर कुछ लोगों ने रास्ता रोक लिया।

### बारिश के लिए बनी अनुकूल परिस्थिति

**धमतरी।** सूखे की स्थिति से जूझ रहे अंचलवासियों के लिए राहत की खबर है। आज से अगले चार दिनों तक पूरे प्रदेश में वर्षा की गतिविधियों में वृद्धि होने की संभावना है। वहीं गरज-चमक के साथ तीव्र वज्रपात की संभावना बनी हुई है। नगरी तहसील को छोड़कर पूरा जिला मानसून की बेरूखी का शिकार है। बारिश के इंतजार में किसान आसमान ताक रहे हैं। इस बीच मौसम विज्ञान केंद्र से राहत भरी खबर है। 29 जून से अगले 4 दिनों तक पूरे प्रदेश में वर्षा गतिविधि तेज होने की संभावना है। अगले 2-3 दिनों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के छत्तीसगढ़ के बाकी हिस्सों में आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थिति बनी हुई है। सोमवार को पूरे प्रदेश के अनेक स्थानों में तीव्र वज्रपात होने की चेतावनी दी गई है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार चार आसमानी सिस्टम बने हुए हैं। एक द्रोणिका आंध्रप्रदेश के उत्तरी हिस्सो से छत्तीसगढ़ और मराठवाड़ा होते हुए मध्य महाराष्ट्र तक समुद्रतल से 4.8 किमी की ऊंचाई पर बना हुआ है।

# आकाश की ओर टकटकी लगाए किसान, बारिश ना होने से माथे पर चिंता की लकीरें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

इस साल मानसून के रुठने से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें हैं। किसान आसमान की ओर टकटकी लगाएं है कि कब बदरा बरसें और हम खेतों में उतरें। ज्यादातर इलाकों में अभी तक बारिश शुरू नहीं हुई है। धान उत्पादन करने वाले किसान अब फसल लगाने को लेकर चिंतित हैं। किसानों का कहना है कि उनके खेत अभी तक सूखे हैं, ऐसे में वो कैसे फसल का रोपा करें।

क्षेत्र के किसान सामान्य तौर पर नर्सरी तैयार करने के बाद खेतों में रोपा लगाते हैं, इससे पैदावार अच्छी रहती है। इस वर्ष मानसून कमजोर रहने के कारण अब तक किसी भी किसान का थरहा तैयार नहीं हो पाया है। मानसून के नहीं पहुंचने से किसान अब सीधे बुवाई कर खेती करने की तैयारी कर रहे हैं। स्थानीय भाषा में इसे सूखा धान या बरानी धान भी कहा जाता है। एक अनुमान के मुताबिक इस तरह की खेती में 30 फ़ीसदी तक कम पानी का इस्तेमाल होता है। किसान इस पद्धति से खेती करने की सोच तो रहे हैं, लेकिन साथ ही साथ वह इस बात से आशंकित भी हैं कि पैदावार कम हो सकती है।

सीधे बुवाई करने से ऐसे धान की खेती की जा सकती है, लेकिन थरहा पद्धति से धान की पैदावार करने पर फसल अच्छी रहती है, बारिश लेट हो तो भी थरहा पद्धति से ही खेती करूंगा, लेकिन इससे नुकसान भी होगा. फसल लेट होगा और दूसरे फसलों को भी नुकसान हो रहा है।

## पानी नहीं गिरने के कारण नहीं तैयार हो पाई नर्सरी

### मानसून कमजोर रहने से नुकसान

धान की खेती करने वाले किसान बीजू वेदव्यास कहते हैं, इस वर्ष बारिश काफी लेट हो चुकी है, अब तक तो हमारा थरहा तैयार हो जाना चाहिए था. लेकिन प्रकृति पर किसी का बस नहीं चलता। पिछले वर्ष तो अब तक हमने खेतों में रोपा लगा दिया था, लेकिन इस वर्ष समय पर बारिश नहीं होने के कारण हम बारिश का इंतजार कर रहे हैं। खेतों की गुड़ाई और जुताई करके रखी है, लेकिन बारिश नहीं हो रही है। जानकार और दूसरे किसानों से सुना है कि सूखा धन 90 दिन में तैयार हो जाता है।



### बुवाई पद्धति से खेती करने की तैयारी

एक और किसान लव कुंवर कहते हैं कि पिछले वर्ष थरहा लगाकर इसके बाद खेतों में रोपा लगाया था, लेकिन इस वर्ष तो बुवाई करने के अलावा कोई विकल्प नहीं दिख रहा है। अब तक बरसात नहीं हुई है। 50 फीसदी का नुकसान लगभग हो चुका है, खाद के दाम भी बढ़ गए हैं। इस वजह से ज्यादा नुकसान उठाना पड़ सकता है। धान काटने पर ही वास्तविक नुकसान का पता चलेगा, लेकिन फिलहाल बारिश नहीं होने से काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसान कल्याण भारद्वाज ने कहा कि खेतों में सीधे बुवाई पद्धति से खेती करने पर पैदावार थोड़ी कम रहती है, लेकिन अब इसके अलावा कोई दूसरा विकल्प दिख नहीं रहा है।

## विधि-विधान, पूजा-अर्चना और मंत्रोच्चार के साथ प्रक्रिया हुई पूरी

# भूमका में आस्था का अद्भुत संगम: खेत की खुदाई में मिले शिवलिंगनुमा पत्थर की प्राण-प्रतिष्ठा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

विकासखंड के ग्राम भूमका में खेत की खुदाई के दौरान मिले शिवलिंगनुमा पत्थर को लेकर ग्रामीणों में गहरी आस्था देखने को मिली। सोमवार को कामता यादव के निवास परिसर में ग्रामीणों की मौजूदगी में पूरे विधि-विधान, पूजा-अर्चना और मंत्रोच्चार के साथ उसकी प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न कराई गई।

- स्थानीय मान्यताओं और बुजुर्गों की सलाह के बाद लिया निर्णय

कामता यादव ने बताया कि रामनवमी के समय वे अपनी पत्नी भागबती यादव के साथ दसरू यादव के खेत मे काम करने गये थे। कामता यादव, भागबती यादव, दसरू यादव, केला यादव और महेन्द्री यादव के साथ खेत में खुदाई कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें शिवलिंग के आकार का एक पत्थर मिला। ग्रामीणों के अनुसार, उस समय वहां एक सर्प भी दिखाई दिया, जो कुछ देर बाद वहां से चला गया। बाद में पत्थर को दसरू यादव के घर लाकर ट्यूबवेल बोर के पास सुरक्षित रखा गया।

### घर में रखने के बाद नाग के सपने आने लगे



परिवार का कहना है कि इसके पश्चात भागबती यादव को लगातार नाग सांप से जुड़े सपने आने लगे। घर के एक कमरे में पूजा स्थल के समीप मिट्टी का एक डेंगूर बिल भी बन गया, जिसे ग्रामीण धार्मिक संकेत के रूप में देख रहे हैं। स्थानीय मान्यताओं और बुजुर्गों की सलाह के बाद शिवलिंगनुमा पत्थर को घर के आंगन में स्थापित करने का निर्णय लिया गया।

### बनेगा आस्था का केंद्र

29 जून सोमवार को आयोजित प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में गांव के अनेक लोग शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन, पूजा-अर्चना और प्रसाद वितरण के माध्यम से अपनी आस्था व्यक्त की। ग्रामीणों का कहना है कि अब यहां नियमित रूप से पूजा-पाठ किया जाएगा और यह स्थल श्रद्धा का केंद्र बनेगा।

# सीईओ ने नेवता में मनरेगा कार्यों का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई ने ग्राम पंचायत नेवता का आकस्मिक निरीक्षण कर मनरेगा एवं अभिसरण योजनाओं के अंतर्गत संचालित विकास कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लिया।

- मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत जल संरक्षण कार्यों में लाएं तेजी : भोई

निरीक्षण के दौरान सीईओ ने मनरेगा के तहत निर्माणाधीन श्नवा तरियाश तथा कृषि विभाग के अभिसरण से बनाए जा रहे चेक डैम का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वीकृत प्राक्कलन के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सीईओ ने आवश्यकतानुसार श्रमिकों की संख्या बढ़ाने तथा सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय–सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत तालाब, चेक डैम, डबरी एवं भू–जल संवर्धन से जुड़े अधिक से अधिक कार्य प्रस्तावित करने के निर्देश दिए, ताकि रोजगार सृजन के साथ भविष्य में जल संकट से भी राहत मिल सके। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों को योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पारदर्शी और समयबद्ध ढंग से पहुंचाने तथा श्रमिकों को समय पर मजदूरी भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

# हरवेल में सहकारी सप्ताह का ध्वजारोहण के साथ शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

विकासखंड बड़ेराजपुर के ग्राम पंचायत हरवेल स्थित आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित हरवेल में सोमवार को ध्वजारोहण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ सहकारी सप्ताह का शुभारंभ उत्साहपूर्वक किया गया। मुख्य अतिथि लालाराम मरकाम ने किसानों को सहकारिता की भूमिका, शासकीय योजनाओं, खाद–बीज वितरण व्यवस्था तथा समिति की गतिविधियों की जानकारी देते हुए आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया। कार्यक्रम में किसानों एवं समिति के सदस्यों से सहकारी गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाने और योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष लालाराम मरकाम, सरपंच महेश नेताम, लेम्प्स प्रबंधक केशु बैध सहित बड़ी संख्या में किसान एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# बिना संकेत खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराकर बाइक सवार गंभीर

**कांकेर।** सड़क किनारे बिना किसी सुरक्षा संकेत, पार्किंग लाइट या रिफ्लेक्टर के खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली एक युवक के लिए जानलेवा साबित हुई। अंतागढ़-कांकेर मार्ग पर हुए इस भीषण सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद उसे प्राथमिक उपचार के उपरांत रायपुर रेफर किया गया, जहां उसका इलाज जारी है। घटना को लेकर घायल के पिता ने थाना अंतागढ़ में अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पुसावंड थाना कांकेर निवासी संतराम कुलदीप ने शिकायत दर्ज कराई कि उनका पुत्र गणपत कुमार कुलदीप 22 जून को निजी कार्य से अंतागढ़ आया था। शाम करीब 7 बजे कार्य समाप्त कर वह अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 19 बीडब्ल्यू 0753 से कांकेर लौट रहा था। इसी दौरान ग्राम पोड़गांव स्थित शासकीय स्कूल के समीप सड़क किनारे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली बिना किसी पार्किंग लाइट, रिफ्लेक्टर, इंडिकेटर अथवा अन्य



चेतावनी संकेत के खड़ी थी। शाम का अंधेरा और सामने से आ रहे वाहनों की तेज हेडलाइट के कारण गणपत को ट्रॉली दिखाई नहीं दी। देखते ही देखते उसकी मोटरसाइकिल सीधे ट्रॉली के पिछले हिस्से से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि गणपत कुमार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में युवक के सिर, जबड़े, हाथ, पैर और कमर में गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों की मदद से उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतागढ़ पहुंचाया गया, वहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए रायपुर भेज दिया। डॉक्टरों ने उसके शरीर के कई हिस्सों में फ्रैक्चर और गंभीर चोटों की पुष्टि की है।

# एजुकेशन हब-कन्या आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा 223 ने

**दुर्गुकोंदल।** सोमवार को सेजेस दुर्गुकोंदल में नवीन एजुकेशन हब एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस कन्या आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा एवं लर्निंग असेसमेंट का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मार्गदर्शन जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद एवं डीएमसीनवनीत पटेल ने किया। प्रवेश परीक्षा में कक्षा पहली से 11वीं तक प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कुल 346 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 223 विद्यार्थियों ने परीक्षा देकर अपनी शैक्षणिक क्षमता का प्रदर्शन किया। कक्षा-वार उपस्थिति में पहली में 19, दूसरी में 4, तीसरी में 4, चौथी में 5, पांचवीं में 3, छठवीं में 73, सातवीं में 13, आठवीं में 9, नौवीं में 47, दसवीं में 14 तथा ग्यारहवीं में 28 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों के अधिगम स्तर का आंकलन किया गया, ताकि उन्हें उनकी क्षमता के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जा सके। सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अंजनी मंडावी ने बताया कि जो विद्यार्थी 29 जून की परीक्षा में शामिल नहीं हो सके, उन्हें 5 जुलाई 2026 को अंतिम अवसर



दिया जाएगा। इसके बाद प्रवेश प्रक्रिया पूर्णतः बंद कर दी जाएगी तथा जुलाई के प्रथम सप्ताह से एजुकेशन हब एवं कन्या आवासीय विद्यालय में नियमित कक्षाएं प्रारंभ हो जाएंगी। उन्होंने अभिभावकों से अव्हान किया कि पात्र विद्यार्थी अंतिम अवसर का लाभ अवश्य उठाएं। परीक्षा का संचालन केंद्राध्यक्ष एवं सेजेस प्राचार्य अजय नेताम के नेतृत्व में पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। इस दौरान बीआरसी लतीफ सोम सहित शिक्षा विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों ने विभिन्न जिम्मेदारियां निभाईं। आयोजन में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अशोक जैन, ग्राम पंचायत दुर्गूकोदल की सरपंच शकुंतला नरेटी, जनपद सदस्य पीलम नरेटी तथा राजू विकास नायक का भी उल्लेखनीय सहयोग रहा।

## वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों पर विधिक जागरुकता शिविर

# वरिष्ठजनों को दी कानूनी अधिकार और कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नालसा की थीम वरिष्ठजन अधिकार, सशक्तिकरण और गरिमा के अंतर्गत बाजार स्थल कोण्डागांव में वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार, संरक्षण एवं कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विधिक जागरुकता शिविर आयोजित किया गया।

- बाजार स्थल पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का आयोजन

शिविर में वरिष्ठ नागरिकों के भरण–पोषण एवं कल्याण संबंधी कानून, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं, वृद्धावस्था पेंशन, स्वास्थ्य सुविधाएं तथा निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में




विस्तार से जानकारी दी गई। प्रतिधारक अधिवक्ता सुरेन्द्र भट्ट ने कहा कि प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक को सम्मानपूर्वक जीवन, सामाजिक सुरक्षा और आवश्यकता पड़ने पर विधिक सहायता प्राप्त करने का अधिकार है। उन्होंने समाज से वरिष्ठजनों के प्रति संवेदनशील और सम्मानजनक व्यवहार अपनाने की अपील की।

### अधिवक्ता एवं अधिकार मित्र रहे उपस्थित

शिविर में प्रतिधारक अधिवक्ता सुरेन्द्र भट्ट के साथ अधिकार मित्र रंजन कुमार बैध, तरूणा ध्रुव एवं पूर्णिमा भण्डारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को उनके अधिकारों एवं न्याय तक सुगम पहुंच के प्रति जागरूक करना रहा।

## पेज 9 के शेष

### बेकाबू कार की ठोकर से बाइक सवार...

ने तेज गति एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में नोहर साहू को कमर, पसली, पैर सहित शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर अंदरूनी चोटें आईं, जबकि पीछे बैठे प्रिंस कुमार के सिर, आंख, कंधे, कलाई और कमर में गंभीर चोट लगी। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को पहले जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से प्राथमिक इलाज के बाद नोहर साहू को रायपुर के मेकाहारा अस्पताल तथा प्रिंस कुमार को डीकेएस अस्पताल रेफर किया गया। इलाज के दौरान 17 मई की सुबह मेकाहारा अस्पताल में नोहर साहू की मौत हो गई। इसके बाद मौदहापारा थाना रायपुर में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी कार डिजायर क्रमांक सीजी 19 बीएम 2940 का चालक के खिलाफ धारा 106 (1), 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### सड़क हादसे में युवक की मौत, वाहन...

गया है। मामले की मर्ग जांच में यह स्पष्ट हुआ कि दुर्घटना वाहन चालक की लापरवाही और तेज गति से वाहन चलाने के कारण हुई थी। जांच निष्कर्ष के आधार पर पुलिस ने संबंधित वाहन चालक के खिलाफ धारा 281, 125 (बी) एवं 106(1) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज कर आगे की विवेचना शुरू कर दी है।

### विधवा महिला के घर में तोड़फोड़...

हुआ था। इसी क्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण उसके घर के बाहर एकत्र हुए और कथित रूप से घर की बाउंड्रीवाल को क्षतिग्रस्त कर दिया। महिला ने आरोप लगाया कि घटना के दौरान उसे और उसके बच्चों को डराने-धमकाने का प्रयास किया गया, जिससे पूरा परिवार भय और असुरक्षा के माहौल में जीने को मजबूर हो गया है। उसका कहना है कि लगातार विरोध और दबाव के कारण वह मानसिक रूप से भी परेशान है। घटना के बाद गांव में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। स्थानीय लोगों के बीच इस मामले को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं चल रही हैं। हालांकि अभी तक दूसरे पक्ष की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। इस मामले में अंतागढ़ पुलिस और प्रशासन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार शिकायत प्राप्त होने के बाद मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### माओवादियों के हथियार फैक्ट्री...

विशेष अभियान चलाया गया। अभियान में गढ़चिरौली पुलिस के विशेष अभियान दल सी-60 तथा प्राणहिता की संयुक्त छह टुकड़ियां, बम निरोधक दस्ता की एक टीम और सीआरपीएफ की एक टुकड़ी को रवाना किया गया। दुर्गम एवं घने जंगलों से होकर गुजरने के कारण सुरक्षा बलों को बताए गए स्थान तक पहुंचने में लगभग एक दिन का समय लगा। संयुक्त दल 27 जून को बालबेड़ा के जंगल क्षेत्र में पहुंचा और तलाशी अभियान के दौरान संदिग्ध स्थान का पता लगाया और कई सामग्रियों को जप्त करने में सफलता मिली है।

# कैडेट्स को एनसीसी के आदर्शों व उद्देश्यों के बारे में मिला प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोंड

1 छत्तीसगढ़ गर्ल्स एनसीसी बटालियन ने परचनपाल में आयोजित 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आज समापन हुआ। यह शिविर 20 से 29 जून तक संचालित किया गया, जिसमें राज्य के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों से आई 516 गर्ल कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर प्रशिक्षण पूर्ण किया। शिविर के दौरान कैडेट्स को एनसीसी के मूल आदर्शों एवं उद्देश्यों के अनुरूप अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीम वर्क, राष्ट्रीय एकता, आत्मनिर्भरता तथा कठिन परिस्थितियों में सामूहिक जीवन व्यतीत करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

■ छग गर्ल्स एनसीसी बटालियन का 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण




इसके साथ ही ड्रिल, मैप रीडिंग, फील्ड क्राफ्ट एवं बैटल क्राफ्ट, प्राथमिक उपचार, व्यक्तित्व विकास, सामाजिक सेवा, आपदा प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता सहित विभिन्न सेवा विषयों का व्यापक प्रशिक्षण भी दिया गया। शिविर के अंतिम दिवस आयोजित सांस्कृतिक संध्या में कैडेट्स ने एकल एवं समूह गीत, समूह नृत्य तथा अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर कैडेट्स ने परचनपाल ग्रामवासियों, ग्राम प्रशासन तथा जिला प्रशासन द्वारा शिविर के आयोजन हेतु प्रदान किए गए सहयोग एवं सतत समर्थन के प्रति हार्दिक आभार भी व्यक्त किया।

समापन समारोह में कैम्प कमांडेंट ने सभी कैडेट्स को संबोधित करते हुए उनके अनुशासित आचरण, उत्कृष्ट सहभागिता एवं प्रशिक्षण के प्रति समर्पण की सराहना की।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि शिविर के दौरान अर्जित ज्ञान, कौशल एवं जीवन मूल्य कैडेट्स के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने सभी कैडेट्स को उनके भावी जीवन एवं करियर के लिए शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्र सेवा के प्रति सदैव समर्पित रहने का आह्वान किया।

यह वार्षिक प्रशिक्षण शिविर न केवल सैन्य एवं सेवा विषयों के प्रशिक्षण का प्रभावी माध्यम सिद्ध हुआ, बल्कि कैडेट्स के व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता तथा सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करने में भी अत्यंत सफल रहा।

## खबर संक्षेप

### पंत समाज ने धूमधाम से मनाया संत कबीर का प्रकटोत्सव



**तोकापाल।** ग्राम बेडागुड़ा में संत कबीर दास के जन्म दिवस को उनके अनुयायियों ने बड़ी ही धूमधाम से मनाया। भूरसु दास महंत ने संत कबीर दास के चित्र को माल्यार्पण कर तथा उनके वचनों का गुणगान कर उनके मार्ग में चलने के लिये समाज को कहा। उनके आरती में जनपथ अध्यक्ष रामबत्ती भंडारी, उपध्यक्ष रितेश दास जोशी एवं कार्यकर्त्ता शामिल हुये। इस बीच बेडागुड़ा में कबीर दास को मानने वालों में अन्य समाज के लोग शामिल हुए। संत कबीर दास के भजन कों सभी अनुयायीयों ने मन्त्र मुध होकर भजन किये। गांव के युवाओं युवतियों ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया। संत कबीर दास को मानने वालों को आमंत्रित किया गया तथा उनके जन्मदिवस को समाज में समर्पित कर उनके याद में प्रसाद के रूप में हलवा वितरण किया गया।

## निधन

### डॉ. प्रताप नारायण अग्रवाल

**जगदलपुर।** शहर के जाने माने अधिवक्ता तथा पीटीआई और आकाशवाणी के पत्रकार रहे डॉ प्रताप नारायण अग्रवाल का आज सुबह 4 बजे निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा शहर के मेन रोड स्थित निवास से मंगलवार सुबह 11 बजे मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे अविवाहित थे, परिवार में रामभगत, ओम प्रकाश तथा डॉ सुजान नारायण अग्रवाल उनके भ्राता हैं।



## मंत्री केदार के घर आने से फूले नहीं समाई सरपंच

# मरईगुड़ा की स्वप्ना का सपना हुआ पूरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सुकमा

कभी सपने में सोचा करती थी कि कोई बड़ा आदमी घर पर आएगा, लेकिन मेरा गांव छत्तीसगढ़ की सीमा के अंतिम और आवागमन की दृष्टि से अत्यंत जटिल हैं।

यहां आने के लिए तेलंगाना राज्य की कई किलोमीटर की दूरी तय करना पड़ता था लेकिन रविवार के दिन मंत्री जी के आने से मेरा सपना पूरा हो गया। उक्त बातें मरईगुड़ा की सरपंच स्वप्ना ने हरिभूमि से कहीं। मन की बात सुनने ग्राम मरईगुड़ा पहुँचे मंत्री केदार कश्यप ने सरपंच के दिल की बात सुन ली। कोंटा ब्लाक के वन ग्राम मरईगुड़ा की युवा सरपंच स्वप्ना के सपनों को साकार करते हुए घर पहुंचे और पूरी सादगी के साथ 30 मिनट तक विकास को लेकर चर्चा की।

■ मंत्री ने भी दिखाई दरियादिली, दी विकास की सौगात



जनपद पंचायत कोंटा अंतर्गत ग्राम पंचायत मरईगुड़ा (वन) की सरपंच स्वप्ना ने क्षेत्र के विकास और ग्रामीणों की वर्षों पुरानी समस्याओं के समाधान के लिए वन मंत्री केदार कश्यप को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में सिंचाई, सड़क, पुलिया और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं की मांग रखते हुए शीघ्र स्वीकृति की अपेक्षा की गई है।

सरपंच ने बताया कि वर्ष 2011 में बने निस्तार तालाब का आकार छोटा होने के कारण बरसात का पानी पूरी तरह संरक्षित नहीं हो पाता। तालाब का विस्तार कर इसे सिंचाई तालाब के रूप में विकसित किया जाए तो लगभग 2000 एकड़ कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा मिल सकेगी, जिससे किसानों की आय बढ़ेगी और गांव की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

### विद्युत सुविधा की मांग पर मुहर

ज्ञापन में मरईगुड़ा से रामपुरम के बीच नाले पर 18 मीटर पुलिया निर्माण की भी मांग की गई है। वर्तमान में पुलिया नहीं होने से बरसात के दिनों में आवागमन बाधित हो जाता है और गांव का मुख्य मार्ग से संपर्क टूट जाता है। इसके अलावा कोलटूर, बेठहड़मा, तोरमगुड़ा, रेगाडगट्टा एवं बरखेचा जैसे वनांचल के गांवों में बिजली सुविधा उपलब्ध कराने की मांग भी की गई है। ग्रामीण लंबे समय से विद्युत सुविधा की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

### मिलेगी सड़क और होगा विकास

सरपंच ने मंत्री से बैरागपुर में पुजारीपारा से कासापारा तक लगभग 2 किलोमीटर मिट्टी-मुरुम सड़क निर्माण की स्वीकृति देने का भी आग्रह किया गया है, ताकि ग्रामीणों को वर्षभर सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके। सरपंच ने विश्वास जताया कि मंत्री द्वारा इन जनहितकारी मांगों पर सकारात्मक पहल की जाएगी, जिससे मरईगुड़ा और आसपास के ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं मिलेंगी तथा क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी।

# समाज विकास के लिए युवाओं की भागीदारी आवश्यक



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोंड

बस्तर जन जागरण नवयुवक मंडल बकावंड द्वारा संचालित जनजागरण अभियान के तहत विभिन्न ग्राम पंचायतों से पहुंचे युवाओं ने संगठन की गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए श्रमदान किया तथा मंडल की सदस्यता ग्रहण की।

ग्राम पंचायत बागमोहलई, भाटपाल एवं आड़ावाल के नवयुवक बकावंड स्थित जन जागरण नवयुवक मंडल स्कूल पहुंचे और सामाजिक सेवा एवं जनहित के कार्यों में अपनी सहभागिता निभाने का संकल्प लिया। सभी ने विद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में श्रमदान कर स्वच्छता, सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश दिया। श्रमदान के पश्चात सभी युवाओं को सदस्यता दिलाई गई तथा उन्हें संगठन के उद्देश्य, कार्यप्रणाली और समाजहित में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर अध्यक्ष ने सभी का स्वागत करते हुए उनके द्वारा किए गए श्रमदान की सराहना करते कहा कि समाज के विकास और जागरूकता के लिए युवाओं की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है जब युवा सेवा, सहयोग और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना के साथ आगे आते हैं, तब समाज में सकारात्मक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने कहा केवल सदस्य बनना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि समाज के प्रत्येक सकारात्मक कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। इस दौरान बस्तर विधायक एवं उपनेता प्रतिपक्ष लखेश्वर बघेल, अध्यक्ष रतन कश्यप, कोषाध्यक्ष तुलाराम सेठिया, संरक्षक मानसिंह कवासी, जनपद सदस्य जगमोहन बघेल, लखेश्वर कश्यप, संरक्षक ललित कश्यप, चंद्रशेखर मौर्य, गौतम नाग, सह सचिव, मोना पाड़ी, राजेश कुमार, अमृत कश्यप, महेश कश्यप एवं सदस्यगण उपस्थित रहे।

# एनएमडीसी डीएवी आईटीआई भांसी ने प्राप्त की 5 स्टार रेटिंग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बचेली

एनएमडीसी डीएवी आईटीआई भांसी ने एक और उपलब्धि अपने नाम करते हुए भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के प्रशिक्षण महानिदेशालय डीजीटी द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए डाटा ड्रिवेन ग्रेडिंग मेथडोलॉजी के अंतर्गत प्रतिष्ठित 5-स्टार रेटिंग प्राप्त की है।

डाटा ड्रिवेन ग्रेडिंग मेथडोलॉजी एक पारदर्शी एवं तकनीक आधारित मूल्यांकन प्रणाली है, जिसमें आईटीआई का मूल्यांकन डीजीटी के एमआईएस पोर्टल पर उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर किया जाता है। इसमें प्रवेश प्रतिशत, प्रशिक्षुओं का प्लेसमेंट, परीक्षा परिणाम, छात्राओं की भागीदारी, ट्रेड विविधता, सीबीटी परीक्षा में सहभागिता तथा प्रशिक्षुओं के औसत अंक जैसे मापदंडों का आकलन किया जाता है। 5-स्टार रेटिंग संस्थान की उत्कृष्ट शैक्षणिक गुणवत्ता, प्रभावी प्रशिक्षण व्यवस्था, बेहतर परीक्षा परिणाम, उद्योगों से मजबूत जुड़ाव तथा प्रशिक्षुओं के सर्वांगीण विकास का प्रमाण है। इस उपलब्धि का श्रेय एनएमडीसी के सतत सहयोग एवं मार्गदर्शन, संस्थान के प्राचार्य, समस्त प्रशिक्षण अधिकारियों, कर्मचारियों तथा प्रशिक्षुओं के सामूहिक प्रयास और समर्पण को जाता है।




संस्थान ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए एनएमडीसी बचेली के परियोजना प्रमुख श्रीधर कोडली ने संस्था के समस्त स्टाफ और छात्रों को बधाई दी है। संस्था के प्राचार्य ने भविष्य में भी गुणवत्तापूर्ण कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर देश के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने और उत्कृष्टता के नए आयाम स्थापित करने का संकल्प व्यक्त किया।

# माता हिंगलाजिन की पूजा अर्चना, चरण पादुका अर्पित

भोंड। बस्तर विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा में उपनेता प्रतिपक्ष लखेश्वर बघेल ने गृह ग्राम पहुंचकर अपने भतीजे लोकनाथ बघेल के साथ कुलदेवी माता हिंगलाजिन के पावन दरबार में विधि-विधान एवं श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना की। इस दौरान माता के श्रीचरणों में चरण पादुका अर्पित कर प्रदेश एवं बस्तर अंचल की सुख-समृद्धि, शांति, खुशहाली तथा नागरिकों के उत्तम स्वास्थ्य और मंगलमय जीवन की कामना की। पूजा-अर्चना के दौरान धार्मिक परंपराओं एवं रीति-रिवाजों का पालन करते हुए माता हिंगलाजिन से समाज में आपसी भाईचारा, सौहार्द और समृद्धि बनाए रखने की प्रार्थना की गई।



लखेश्वर बघेल ने कहा कि कुलदेवी के प्रति आस्था और श्रद्धा हमारी संस्कृति एवं परंपरा का अभिन्न हिस्सा है तथा ऐसे धार्मिक अवसर हमें अपनी जड़ों और संस्कारों से जुड़े रहने की प्रेरणा देते हैं। इस अवसर पर परिवार के सदस्य, परिजन एवं ग्रामवासी भी उपस्थित रहे। सभी ने माता हिंगलाजिन के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया तथा क्षेत्र के विकास, सुख-शांति और जनकल्याण की कामना की।

# एनएमडीसी डीएवी आईटीआई भांसी के 31 प्रशिक्षार्थियों का हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज : बचेली

एनएमडीसी डीएवी आईटीआई भांसी में ओमेगा सेकी मोबिलिटी प्रा. लिमिटेड चाकण पुणे द्वारा वर्चुअल कैंपस ड्राइव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कंपनी के असिस्टेंट मैनेजर एचआर रबीन्द्र मोहंती द्वारा विस्तृत प्रेजेंटेशन देकर की। उन्होंने प्रशिक्षार्थियों को कंपनी की कार्यप्रणाली, करियर ग्रोथ, कार्य संस्कृति, वेतनमान एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी दी। इसके पश्चात संस्थान के अंतिम वर्ष के प्रशिक्षार्थियों का ऑनलाइन टेस्ट आयोजित किया गया। ऑनलाइन टेस्ट में सफल अभ्यर्थियों का कंपनी द्वारा वर्चुअल इंटरव्यू लिया गया। चयन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद कुल 31 प्रशिक्षार्थियों का चयन किया गया। इस उपलब्धि पर एनएमडीसी बीआईओएम बचेली कॉम्प्लेक्स के परियोजना प्रमुख श्रीधर कोडाली ने चयनित प्रशिक्षार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एनएमडीसी का उद्देश्य क्षेत्र के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें देश की अग्रणी कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। ऐसे प्लेसमेंट अभियान संस्था की गुणवत्ता एवं उद्योगों के विश्वास का प्रतीक हैं।



प्राचार्य कमलेश साहू ने चयनित प्रशिक्षार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि संस्थान में उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। नियमित कैंपस एवं वर्चुअल प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से प्रशिक्षार्थियों को रोजगार उपलब्ध कराना संस्थान की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कंपनी के अधिकारी, प्लेसमेंट सेल को कैंपस प्लेसमेंट के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। एनएमडीसी बचेली के सीएसआर सहयोग एवं मार्गदर्शन से संचालित एनएमडीसी डीएवी आईटीआई, भांसी देश के अग्रणी कौशल प्रशिक्षण संस्थानों में शामिल है और समय-समय पर देश की प्रतिष्ठित कंपनियों के साथ रोजगारोन्मुखी प्लेसमेंट अभियान आयोजित कर प्रशिक्षार्थियों के उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त कर रहा है।

# आदिवासी समाज को संगठित करने पर हुआ मंथन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बस्तर

मुड़ा क्षेत्र के पथरागुड़ा साहू समाज भवन में आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज की मासिक बैठक के दौरान गोंडवाना की महान वीरांगना रानी दुर्गावती का बलिदान दिवस धूमधाम से मनाया गया।

महारानी दुर्गावती को याद करते हुए दो मिनट का मौन रखकर विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। उपस्थित लोगों ने उनके आदर्शों पर चलने की शपथ ली। बताया गया कि महारानी ने अपनी राज्य की रक्षा करते हुए वीरगति प्राप्त की थी। बैठक में जगदलपुर परिक्षेत्र के समाज के सदस्य एकत्रित हुए और समाज को सशक्त एवं संगठित बनाने पर विचार विमर्श किया। इस अवसर पर समाज की नन्ही परी को रानी दुर्गावती की वेशभूषा से सुशोभित किया गया।

बैठक में समाज के संभागीय महासचिव लिलेश स्वर ध्रुव, परिक्षेत्र अध्यक्ष अशोक मंडावी, कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश ध्रुव, महिला अध्यक्ष दयाबती ध्रुव, राधा ध्रुव, नीलम ध्रुव, अनिता ध्रुव, सुरूज नेताम, देव कुवर ध्रुव, इन्द्रा नेताम, वेद प्रकाश ध्रुव, घनश्याम ध्रुव मरकाम, बोधनी बाई, नीलकंठ ध्रुव, खुशी राम ध्रुव, मीडिया प्रभारी रामनारायण ध्रुव सहित समाज के सदस्य उपस्थित थे।



# दोरनापाल अस्पताल में बाल रोग विशेषज्ञ का अभाव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दोरनापाल

जिला मुख्यालय सुकमा से कुछ ही दूरी पर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दोरनापाल में बाल रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति नहीं होने से क्षेत्र के नवजात और छोटे बच्चों के उपचार पर गंभीर संकट खड़ा हो गया है।

इन दिनों खराब मौसम के कारण बच्चों में बुखार, सर्दी, खांसी और अन्य मौसमी बीमारियों के मामले बढ़ रहे हैं, लेकिन अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टर उपलब्ध नहीं होने से परिजनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दोरनापाल सहित आसपास के दर्जनों ग्रामीण क्षेत्रों के लोग बच्चों का इलाज कराने के लिए मजबूरी में पड़ोसी राज्यों ओडिशा और आंध्र प्रदेश के निजी अस्पतालों और क्लीनिकों का रुख कर रहे हैं। वहां इलाज के लिए उन्हें भारी-भरकम फीस के साथ दवाइयां और जांच पर भी अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि दोरनापाल क्षेत्र की बड़ी आबादी इसी सरकारी अस्पताल पर निर्भर है। ऐसे में बाल रोग विशेषज्ञ का पद लंबे समय से खाली रहने के कारण छोटे बच्चों और नवजातों को समय पर विशेषज्ञ उपचार नहीं मिल पा रहा है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए निजी अस्पतालों में इलाज कराना काफी कठिन साबित हो रहा है।

क्षेत्रवासियों ने स्वास्थ्य विभाग और राज्य शासन से दोरनापाल अस्पताल में जल्द से जल्द स्थायी बाल रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति करने की मांग की है, ताकि स्थानीय स्तर पर बच्चों को बेहतर और समय पर उपचार मिल सके तथा लोगों को दूसरे राज्यों के निजी अस्पतालों के चक्कर न लगाने पड़ें।

SIDDHIVINAYAK NEW BORN & CHILD HOSPITAL
सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Piles Care Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर)
फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन / क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श
नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह
(एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह
(एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### धमतरी की अर्चना को कांकेर जिले का दायित्व

**कांकेर।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा छत्तीसगढ़ में संगठनात्मक स्तर पर बड़ा बदलाव किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति से जिला प्रभारी एवं सहप्रभारियों की नई सूची जारी की गई है। इस सूची में धमतरी की अर्चना चूबे को कांकेर जिले का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, महिला कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय बढ़ाने और आगामी राजनीतिक गतिविधियों को गति देने के उद्देश्य से यह नियुक्तियां की गई हैं। पार्टी का मानना है कि नई जिम्मेदारियों से संगठनात्मक कार्यों में तेजी आएगी और आगामी कार्यक्रमों के सफल संचालन में सहायता मिलेगी। यह निर्णय संगठन में महिलाओं की भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाएगा।

### विशेष लोक अदालत में प्रकरणों का होगा निराकरण

**जगदलपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार जिला न्यायालय परिसर में 18 जुलाई को धारा 138 परकाम्य लिखत अधिनियम 1881 के तहत प्रकरणों के निराकरण के लिए स्पेशल लोक अदालत का आयोजन होगा। यह विशेष लोक अदालत गोंविद नारायण जांगडे, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के मार्गदर्शन एवं कु अंकिता कश्यप, व्यवंहार न्यायाधीश द्वारा आयोजित की जाएगी। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का शीघ्र निपटारा करते हुए पक्षकारों को आपसी सहमति के आधार पर न्याय प्रदान करना है। इस अवसर पर बैंक प्रतिनिधियों, अधिवक्ताओं एवं संबंधित पक्षकारों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। पक्षकारों के मध्य आपसी सहमति एवं समझौते के आधार पर विवादों का समाधान किया जाएगा। इच्छुक व्यक्ति, संस्थाएं अपने चेक बाउंस सबंधी अथवा अन्य योग्य प्री-लिटिगेशन प्रकरणों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रस्तुत कर लोक अदालत का लाभ प्राप्त कर सकते है।

### टाइगर रिजर्व फारेस्ट में दुर्लभ जंगली कुत्तों का एक झुंड मिला

**धमतरी।** टाइगर रिजर्व क्षेत्र में चार जंगली कुत्तों का झुंड कैमरे में रिकार्ड हुआ है। ये जंगली कुत्ते भारत के सबसे आकर्षक एवं दुर्लभ मांसाहारी वन्यजीवों में से एक हैं। यह प्रजाति आईयूसीएन की रेड लिस्ट में संकटग्रस्त श्रेणी में सूचीबद्ध है। पूरे देश में इनकी संख्या करीब 2000 ही बची है। अखिल भारतीय बाघ आकलन 2026 के दौरान उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में लगाए गए ट्रैप कैमरे में चार ढोल (भारतीय जंगली कुत्तों) के एक झुंड की तस्वीरें एवं वीडियो रिकार्ड किए गए हैं। एक संगठित ढोल झुंड का इस प्रकार दर्ज होना रिजर्व की पारिस्थितिकी स्थिति में सुधार का संकेत दे रहा है। ढोल भारत के सबसे आकर्षक एवं दुर्लभ मांसाहारी वन्यजीवों में से एक हैं। यह प्रजाति वन पारिस्थितिकी तंत्र में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। वे चीतल, सांभर एवं जंगली सुअर जैसे शाकाहारी जीवों की आबादी को संतुलित बनाए रखते हैं, जिससे वनस्पतियों एवं प्राकृतिक पुनर्जनन को संरक्षण मिलता है। अपनी अद्भुत सामूहिक रणनीति, समन्वय और सहकारिता के कारण ढोल विश्व के सबसे कुशल समूह-शिकारी माने जाते हैं। बड़े एवं संगठित झुंड में वे बाघ जैसे बड़े परभक्षियों को चुनौती देने तथा दुर्लभ परिस्थितियों में उनका शिकार करने की क्षमता भी रखते हैं।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# प्रैक्टिसिंग स्कूल में शताब्दी समागम 4 को जुटेंगे पूर्व शिक्षक और विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शहर के ऐतिहासिक प्रैक्टिसिंग प्राथमिक विद्यालय के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आगामी 4 जुलाई को शताब्दी समागम समारोह आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय के भूतपूर्व छात्र एक मंच पर जुटकर अपने छात्र जीवन की यादों को ताजा करेंगे तथा अपने शिक्षकों का सम्मान कर उन्हें श्रद्धा और सम्मान अर्पित करेंगे।

■ आयोजन की तैयारी को लेकर हुई बैठक में रूपरेखा तैयार

समारोह की तैयारियों को लेकर नगर पालिका परिषद के सभा कक्ष में भूतपूर्व छात्रों की बैठक अरुण कौशिक की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से पूर्व निर्धारित कार्यक्रम को गरिमामय ढंग से संपन्न कराने का निर्णय लिया गया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सभी पूर्व छात्र सुबह 10 बजे प्रैक्टिसिंग स्कूल परिसर में एकत्रित होंगे।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा, सरस्वती पूजन एवं वंदना से होगी। इसके बाद सभी पूर्व छात्र अपने पुराने शिक्षकों के साथ संवाद करेंगे और विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों को शिक्षण सामग्री एवं मिष्ठान्न वितरित करेंगे। स्कूल परिसर के कार्यक्रम के पश्चात सभी प्रतिभागी पुराने कम्युनिटी हॉल पहुंचेंगे, जहां दोपहर 1 बजे आमंत्रित शिक्षकों एवं पूर्व छात्रों के लिए सामूहिक भोज का आयोजन रहेगा। भोजन के बाद वरिष्ठ शिक्षकों एवं वरिष्ठ पूर्व छात्रों का शॉल और श्रीफल भेंटकर सम्मान किया जाएगा। इस दौरान शिक्षक आशीर्वचन देंगे, वहीं पूर्व छात्र अपने स्कूल जीवन के संस्मरण, कविताएं, कहानियां और बचपन की यादें साझा करेंगे। शाम को चाय-नाश्ते के साथ समारोह का समापन होगा।

**पूर्व छात्र और शिक्षकों से संवाद सत्र होगा**



**बैठक में उपस्थित रहे**

*बैठक में कार्यक्रम सचिव अजय गुप्ता सहित निर्मल चोपड़ा, राजेश शुक्ला, संजीत श्रीवास्तव, शैलेन्द्र ठाकुर, विकास श्रीवास्तव, निर्मल माहेश्वरी, पंकज श्रीवास्तव, इमरान खान, राजेश चोपड़ा, शरद श्रीवास्तव सहित अनेक पूर्व छात्र उपस्थित रहे।*

## संगठन : योग से आज जनता को जोड़ने का उपक्रम प्रारंभ

# योग समिति दुर्गूकोंदल की कार्यकारिणी गठित, योग आंदोलन को मिलेगा संबल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के तत्वावधान में तहसील पतंजलि योग समिति दुर्गुकोंदल की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में क्षेत्र में योग के प्रचार-प्रसार, नियमित योगाभ्यास तथा जन-जागरूकता अभियान को और अधिक सशक्त बनाने पर विशेष जोर दिया गया।

बैठक में किशोर कुमार विश्वकर्मा को अध्यक्ष, गुरुदेवल दीवान को उपाध्यक्ष, अखिलेश बघेल को सचिव तथा अरुण कुमार साहू को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं विकास राजू नायक, तुलसीराम मतलाम एवं शिव प्रसाद बघेल को संरक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके साथ ही भारत स्वाभिमान संगठन की ओर से गजेंद्र ठाकुर को भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी प्रदान की गई। सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने निर्णय लिया कि अब गांव-गांव में नियमित योग कक्षाएँ, प्रातःकालीन योग सत्र, स्वास्थ्य जागरूकता अभियान और आयुर्वेद आधारित जनजागरण कार्यक्रमों का संचालन किया जाएगा।

युवाओं को योग से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाने पर भी सहमति बनी। जिला प्रभारी उपेश्वर ठाकुर ने कहा कि योग और आयुर्वेद भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर हैं। उन्होंने कहा कि आज की तनावपूर्ण जीवनशैली में योग ही शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का सबसे प्रभावी माध्यम है। नियमित योगाभ्यास से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा भी प्राप्त होती है।

**नवीन नेतृत्व का संकल्प**

नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने संगठन को विश्वास दिलाया कि तहसील योग समिति दुर्गूकोंदल पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्राम में योग प्रशिक्षकों की टीम तैयार कर अधिक से अधिक लोगों को योग से जोड़ा जाएगा, ताकि क्षेत्र को स्वस्थ और योगमय बनाया जा सके। बैठक का समापन संगठन को मजबूत करने और योग के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ।

# संसाधनों की कमी के बाद भी दूध नदी की सफाई में जुटे समाजसेवी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

उत्तर बस्तर की जीवनरेखा मानी जाने वाली दूध नदी को स्वच्छ बनाने का अभियान लगातार जारी है। जन सहयोग संस्था के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी के नेतृत्व में रविवार सुबह समाजसेवियों ने पुराने पुल के आसपास व्यापक सफाई अभियान चलाया। खास बात यह रही कि इस बार ट्रैक्टर, ट्रॉली या अन्य संसाधन उपलब्ध नहीं होने के बावजूद स्वयंसेवकों का उत्साह कम नहीं हुआ और उन्होंने घंटों मेहनत कर बड़ी मात्रा में कचरा हटाकर उसका उचित निपटान किया।

■ प्रवाह में बाधित कचरे को हटाने की कोशिश जारी

अजय पप्पू मोटवानी ने बताया कि संस्था का उद्देश्य मानसून के पूरी तरह सक्रिय होने से पहले नदी में जमा अधिकतम कचरे को हटाना है।

उनका कहना है कि नदी में रुका कचरा जल प्रवाह में बाधा बनता है, जिससे बाढ़ का पानी आसपास की बस्तियों में फैल जाता है। समय रहते सफाई होने से पानी का बहाव सुचारु रहेगा और बाढ़ का खतरा भी कम होगा। अभियान का समापन भारत माता की जय के नारों के साथ हुआ। इस दौरान संस्था ने आम नागरिकों से भी दूध नदी को स्वच्छ रखने और नदी में कचरा नहीं फेंकने की अपील की। अभियान में धर्मेंद्र देव, डॉ. श्याम देव, शैलेंद्र देहारी, पप्पू साहू, अभिषेक सोनी, बहादुर निषाद, ऋतिक सोनी सहित कई युवाओं ने श्रमदान करते हुए पुराने पुल के आसपास के क्षेत्र को पूरी तरह स्वच्छ बनाया।

# प्राथमिक और माध्यमिक शाला कोकानपुर में प्रवेशोत्सव मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरर

शनिवार को शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला कोकानपुर में शाला प्रवेश उत्सव संयुक्त रूप में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथियों ने विद्यालय में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें, गणवेश एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में शिक्षकों द्वारा बच्चों को नियमित विद्यालय आने, मन लगाकर अध्ययन करने तथा अनुशासन का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। उपस्थित अतिथियों ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास का केंद्र है।

उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने एवं उनकी शिक्षा में सहयोग करने की अपील की। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने सभी नवप्रवेशी विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि विद्यालय परिवार बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए सदैव प्रयासरत रहेगा। कार्यक्रम में माखन सिंह मंडावी ग्राम पटेल, उपसरपंच योगिता राजपूत, अनस सलामे, आशा लता टेकाम, पुनीत मंडावी, गंगोत्री मंडावी, पूर्णिमा साहू, रेखा पिद्दा, खिलेश्वरी नेताम, पद्मा नाग, मनीष वाल्मीकि, साधना बिसेन, सविता जैन, डालेश्वरी पोटाई, पूर्णिमा मंडावी सहित शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# अर्जुनी में रेत परिवहन पर विवाद के बाद की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

थाना कांकेर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अर्जुनी में टिकरा जमीन और नदी किनारे से रेत परिवहन को लेकर दो पक्षों के बीच उपजा विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। इस घटनाक्रम में गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी के आरोप सामने आए हैं। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कांकेर थाना में शिकायत करने पहुँचे अर्जुनी निवासी 36 वर्षीय रजनीश कुमार जैन ने पुलिस को शिकायत देते हुए बताया कि 26 जून को गांव के भूपेन्द्र जैन द्वारा विवादित टिकरा जमीन और नदी किनारे से रेत निकालकर ट्रैक्टर के माध्यम से परिवहन किया जा रहा था, जिसका स्थानीय स्तर पर विरोध किया गया था। इसके बाद 28 जून को एक विवाह समारोह के दौरान यह विवाद फिर से भड़क उठा। पीड़ित पक्ष के अनुसार विवाह कार्यक्रम में सियाराम जैन, मानकी जैन और अन्य परिजन शामिल होने पहुंचे थे। इसी दौरान कथित रूप से भूपेन्द्र जैन ट्रैक्टर से रेत परिवहन



को लेकर दोबारा विवाद करने लगा। परिजनों ने जब उसे रोकने का प्रयास किया तो वह ट्रैक्टर लेकर टिकरा खेत की ओर चला गया। आरोप है कि दोपहर करीब 3 बजे पुलिया के पास भूपेन्द्र जैन ट्रैक्टर सहित पहुंचा और तुम लोग कौन होते हो रोकने वाले कहते हुए गाली-गलौज करने लगा। इसके बाद उसने सियाराम जैन और मानकी जैन के साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट की। बीच-बचाव करने पहुंची इनबाई जैन के साथ भी कथित रूप से अभद्र व्यवहार करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई।

घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी भूपेन्द्र जैन के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 115 (2), 296 और 351 (3) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# संत कबीर के संदेशों से गूंजा धनोरा श्रद्धा के साथ मनाया प्राकट्य उत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुधावा

सत्य कबीर आश्रम धनोरा साल्हेटोला में संत कबीर साहेब का प्रगट्य उत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सुबह से ही कबीर आश्रम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुआ, जिसके बाद महिलाओं एवं युवतियों द्वारा सिर पर सुसज्जित कलश धारण कर भव्य कलश यात्रा निकाली गई।

कलश यात्रा गांव की प्रमुख गलियों से होते हुए पूरे श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ निकाली गई। यात्रा के दौरान श्रद्धालु संत कबीर साहेब के भजनों एवं सत्य नाम के जयघोष से वातावरण को भक्तिमय बनाते रहे। जगह-जगह ग्रामीणों ने कलश यात्रा का स्वागत कर श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की। राहगीरों को खीर पुड़ी वितरण किया गया। यात्रा के पुनः कबीर आश्रम पहुंचने के बाद चौका-आरती एवं सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संत कबीर के जीवन, उनके विचारों तथा मानवता, प्रेम, समानता और सामाजिक समरसता के संदेशों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने कहा कि संत कबीर की शिक्षाएं आज भी समाज को सही दिशा देने का कार्य कर रही हैं और उनके बताए मार्ग पर चलकर ही एक समरस एवं सद्भावपूर्ण समाज का निर्माण किया जा सकता है। आयोजन में सामूहिक आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धा, अनुशासन और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला, जिससे गांव का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो उठा।

कार्यक्रम में सोहन दास मानिकपुरी, विष्णु दास, चेतन गुरु गोसाईं, मोहन दास, जोहन दास, श्याम सुंदर, भुपेंद्र दास, ललन दास असवंत दास, गुरु दास, बसंत दास, बृज दास, गौकरण साहेब, प्रीतम दास, विवेक दास, डमरू दास, कुशल दास, काजू साहू, रीना मानिकपुरी, तामेश्वरी साहू, देवत्री गोसाई, सविता मानिकपुरी, सुनिता मानिकपुरी, सिंधु बघेल, समस्त आमीन माता महिला मंडल कबीर पंथी उपस्थित में हुआ।

## वर्षों पुरानी समस्या का हुआ समाधान

# गाड़ा समाज के मुक्तिधाम निर्माण के लिए हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



ग्राम पंचायत तालाकुर्रा में गंधर्व गाड़ा समाज के लिए मुक्तिधाम के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लंबे समय से समाज के लोग गांव से लगभग तीन किलोमीटर दूर दूसरे गांव की सीमा पर स्थित नदी किनारे अंतिम संस्कार करने को मजबूर थे। विशेषकर बरसात के मौसम में वहां पहुंचने और अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था।

ग्राम पंचायत के सरपंच विनोद रावटे की पहल पर गंधर्व गाड़ा समाज के लिए अंतिम संस्कार स्थल आरक्षित किया गया। भूमि आरक्षण की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद विधि-विधान से भूमि पूजन संपन्न कराया गया। समाज के लोगों ने इस पहल के लिए ग्राम पंचायत एवं समस्त ग्रामवासियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे समाज के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि नए मुक्तिधाम के निर्माण से अंतिम संस्कार के लिए दूरस्थ स्थान पर जाने की मजबूरी समाप्त होगी और विशेषकर वर्षा ऋतु में होने वाली परेशानियों से लोगों को राहत मिलेगी। कार्यक्रम में उपसरपंच जितेन्द्र साहू, ग्राम पटेल जोगीराम नुरेटी, गायता देवनाथ नरेटी, अध्यक्ष संजय जैन, गौतम गांवर, पंच कुंवरलाल उइके, चंद्रभान मरकाम, संतोषी हिचामी, कविता टाड़िया, वरिष्ठ नागरिक नारायण सिंह जैन, धुर्व कुमार साहू, संतोष यादव, हेमलाल कुलदीप, कोटवार दानेश्वर कुलदीप, गाड़ा समाज के अध्यक्ष लाला टाड़िया सहित समाज के अनेक पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहें।

### मंदिर निर्माण को लेकर यादव समाज की हुई बैठक

**सुकमा।** कोंटा डेंग में 28 जून को श्रीकृष्ण मंदिर निर्माण को लेकर यादव समाज की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंदिर निर्माण पर चर्चा की गई। सर्वसम्मति से श्रीकृष्ण मंदिर निर्माण समिति का गठन किया गया। समिति के अध्यक्ष पद पर घासीराम यादव को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया।

कालड़ा हॉस्पिटल
KALDA HOSPITAL यूनिट ऑफ कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी सेंटर
मोटापे का ईलाज
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
वेजर लाइपोसक्शन द्वारा
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

Care With Confidence
(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
सर्जिकल गैस्ट्रो एवं लैप्रोस्कोपी सर्जरी विभाग
हर्निया क्या होता है
इसके लक्षण, कारण, प्रकार एवं ईलाज हेतु संपर्क करें
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371